**लोकसभा अध्यक्ष ने अपने आवास पर भारत के उपराष्ट्रपति और निर्वाचित उपराष्ट्रपति की मेजबानी की**

**...**

**तीनों नेताओं ने संसदीय और राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर विचार और अनुभव साझा किए**

**...**

**नई दिल्ली, 9 अगस्त, 2022:** लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज अपने आवास पर भारत के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति श्री एम. वेंकैया नायडु और निर्वाचित उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ की मेजबानी की।

श्री नायडु और श्री बिरला ने निर्वाचित उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ के साथ संसदीय और राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर विचार और अनुभव साझा किए।